संख्या– 984 / सत्तर–3–2022

प्रेषक,

मनोज कुमार
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. निदेशक,
उच्च शिक्षा, उ0प्र0,
प्रयागराज।

2. कुलसचिव,
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

उच्च शिक्षा अनुभाग–3 लखनऊः दिनांकः 13 अप्रैल, 2022

विषयः– AISHE पोर्टल पर उच्च शिक्षण संस्थानों द्वारा प्रविष्टियाँ अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में सचिव, उच्च शिक्षा विभाग की अध्यक्षता में दिनांक 12.04.2022 को आहूत वर्चुअल बैठक में AISHE पोर्टल पर उच्च शिक्षण संस्थानों द्वारा प्रविष्टियाँ अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराये गये तथ्यों से यह प्रतीत होता है कि प्रश्नगत प्रकरण में कार्यवाही असन्तोषजनक है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार उक्त पोर्टल पर दिनांक 05.04.2022 अपरान्ह् 02:30 तक प्रदेश के मात्र 53.2 प्रतिशत उच्च शिक्षण संस्थानों द्वारा प्रविष्टियाँ अपलोड की गयी हैं। इस सम्बन्ध में दिनांक 15.04.2022 तक प्रत्येक दशा में शेष उच्च शिक्षण संस्थानों द्वारा पोर्टल पर प्रविष्टियाँ अपलोड करने हेतु भारत सरकार से निर्देश प्राप्त हुए हैं।

2– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि व्यक्तिगत रुचि लेते हुए दिनांक 15.04.2022 तक प्रत्येक दशा में अवशेष उच्च शिक्षण संस्थानों द्वारा AISHE पोर्टल पर प्रविष्टियाँ अपलोड कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(मनोज कुमार)
विशेष सचिव।

संख्या– 984 (01)/सत्तर–3–2022, तद्दिनांकः

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. नोडल अधिकारी AISHE (क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, लखनऊ), को इस निर्देश सहित प्रेषित कि प्रकरण में प्राथमिकता के आधार पर व्यक्तिगत रुचि लेते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।
2. समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0।

आज्ञा से

(हरेन्द्र कुमार सिंह)
उप सचिव।

G.O.HES